they mean and whether the *status quo ante* will mean complete vacation of all the territories which belong to us including Kanjarkot. This is a very serious matter.

**The Minister of Food and Agriculture (Shri C. Subramaniam):** How can the Government bypass the Parliament? After all, if any such situation arises, I am sure, the statement would be made in Parliament (*Interruption*).

**Shri Vidya Charan Shukla** (Mahasamund): Since this matter has been raised in this House and it will be reported in the press tomorrow, I think, it would be in the fitness of things if there is a conclusive statement by the Government on this matter. Otherwise, it will create all kinds of confusing thoughts among the people.

**Mr. Deputy-Speaker:** I have communicated the intention of the House to the Prime Minister and the Defence Minister.

**Shri Brij Raj Singh-Kotah** (Jhalawar): Before the House is adjourned, we should be told something.

**Shri Shivaji Rao S. Deshmukh** (Parbhani): While there are rumours about the cease-fire, there are also rumours to the contrary that the enemy has occupied Biar Bet. On this issue also, the Parliament should be informed.

**श्री ओंकार लाल बेरवा** (कोटा) : प्रधान मंत्री जी ने तीन दफ़े इस हाउस में ऐलान किया है कि जब तक हम अपने कंजरकोट को पाकिस्तानी आक्रमणकारियों से खाली नहीं करा लेंगे तब तक हम सीज़ फ़ायर के बारे में बातचीत भी नहीं करेंगे लेकिन जैसा कि अभी कहा गया है अगर प्रधान मंत्री जी ने ऐसा कर दिया है तो यह देश की जनता के साथ बड़ा भारी अन्याय होगा ।

**17.48 hrs.**

## DEMANDS FOR GRANTS—*Contd.*

MINISTRY OF FOOD AND AGRICULTURE—*Contd.*

**Dr. M. S. Aney:** Mr. Deputy-Speaker, Sir, I hope the Prime Minister will be coming in here and will make a statement as desired by the hon. Members. In the meantime, you have called me to speak on these Demands.

In the course of the debate, I have heard many hon. Members and I find that they want to know what is the policy of the Government in regard to agriculture and economy. I believe that the hon. Members of this House know that the policy of this Government generally is one of self-sustaining and self-generating economy. That is the ideal of the economic policy that has been laid down some time before and I believe that nothing has happened for the Government to say that that policy has been abandoned. The agricultural policy also, which Government will adopt, will be consistent with the ideal of self-sustaining and self-generating economy. If I were to put it this way, it is a policy of "Swadeshi" by which you must produce what you want to use and you must use what you produce. Unless the country generally takes to these methods, it will not be able to attain that economic prosperity which it is desiring to reach.

As regards agricultural policy which has been agreed to by all, the greater need of the day is production, and agricultural production is an essential need of the country. We cannot afford to depend upon other countries for the sake of feeding our people. That being so, all attempts should be made by Government to attend to all those minor matters which would help to add to production.

I would invite the attention of the Food and Agriculture Minister to one point in this connection. If production has to be increased, which

[Dr. M. S. Aney]

is the aim, then all those minor matters which would help to produce more have to be very carefully attended to by the Ministry. It has been agreed to that among the various methods which we have to use for this purpose, the use of fertilisers is an important one.

**15.52 hrs.**

[SHRI THIRUMALA RAO *in the Chair*]

From the report of the department of Agriculture we find that:

> "The use of nitrogenous fertilisers has been increasing steadily, but it has not been possible to meet the full requirements on account of inadequate internal production and shortage of foreign exchange.".

I am sorry to say that our production as regards fertilisers is not coming up to expectations. But apart from that, there is another point to which I would like to invite the attention of the hon. Minister, namely that whatever fertilisers are produced are not properly distributed. That is another trouble. And I would like to take this opportunity to bring to the notice of the hon. Minister an instance of extreme carelessness on the part of those who are in charge of the distribution of fertilisers.

Last year, the Maharashtra State was not able to supply the required quantity of fertilisers to the Vidarbha Co-operative Marketing Society Limited which has its headquarters at Nagpur, and which is the wholesale distributor for all the societies in all the eight districts of Vidarbha. Therefore, on their advice, they placed an order for supply from Regional Director (F), Calcutta. The Regional Director (F) at Calcutta had despatched the supplies to this society. I would not like to narrate the whole thing and read out the complaint which has been submitted, but I shall send these papers on to the hon. Minister for his careful perusal. When the consignments sent in the wagons by the railways were received, it was found that the bags were completely tattered, and some bags were torn, and there was also loose stock in the wagons. More than half the quantity was wanting. Thousands of bags were received in that condition. When the bags were received in that condition, the persons concerned took care to get the officers and in their presence, every thing (consignment) was inspected, and the records were prepared. The matter was then reported to Government. For several months, nothing further happened. Later on one gentleman called a Deputy Director was sent there.

On 30th December 1964, the Under Secretary to the Government of Maharashtra intimated them that Shri P. C. Mathur, Deputy Director (Fertiliser Planning), Government of India, would be visiting a few selected places in Vidarbha districts to look into the complaints. This officer visited only four or five centres. The documents and relevant records showing the condition of the bags, re-bagging done and shortages observed in the consignments were shown to him. The Government of India officer said that as the Maharashtra Government had sent their inspector to Calcutta and he had given a certificate to them that the stocks were received by him by 100 per cent weighment, he was not inclined to bother himself by the shortages observed by the consignees at the time of taking delivery. He desired to see only those unrebagged bags which were received by the consignees in their original packing. Since the bags which were received in original packing could not be removed from the station without rebagging and since most of the stocks were sold out, the bags in original packing were not available for his inspection. He wanted to see the old tattered bags in which the fertiliser was sent. When these were not there, and the new bags in which the fertiliser was repacked were shown, he said 'I have nothing to do with this'.

17.57 hrs.

[MR. DEPUTY-SPEAKER *in the Chair*]

Thus he closed the inquiry. No useful purpose has been served by the visit of the officer from the point of view of inquiring into this matter and doing justice by the parties who have suffered. His stand was that the Maharashtra Government had sent their officer to Calcutta and he had passed a receipt. So he would not do anything. Thus he closed the inquiry.

This is a matter which took place in August 1964. These persons have incurred extra charges by way of re-bagging expenses. There has been delay. Then the question of compensation for the shortages in stock remains unsettled.

This is how these societies have suffered. This is how things are going on. Hundreds of consumers have suffered. There is no one to inquire into the matter. This is the way the cultivators are being protected by the agricultural department. The cultivators incur losses for no fault of theirs. They ask for an investigation so that they can get justice. But this is what ultimately happens. I would like to tell Government that they are judged by their performance, not by their promises. Promises by themselves are of absolutely no value to the people.

I will send all these papers to the Minister. Let him look into the matter, order an inquiry and try to see that justice is done to the hundreds of farmers, members of the society, who have suffered in this matter. They look up to him for justice in this matter. This is a very important matter which I wanted to bring to the notice of the hon. Minister. Thank you.

**Shri Kamalnayan Bajaj** (Wardha): I would like to say something about the cease-fire or the point just raised by some hon. Members.

**Mr. Deputy-Speaker:** Not now. I have sent word to the Prime Minister. He will be coming in a few minutes.

**Shri Maniyangadan:** I rise to support the Demands for Grants of this Ministry.

It cannot be said that the food situation in the country is satisfactory. There are several shortfalls. But the whole blame for that cannot be laid on the Ministry of Food and Agriculture. There are various factors, for many of which this Ministry is not directly responsible, which have brought about this situation.

I wish to mention two or three things. One is the non-availability of sufficient quantity of fertiliser. Also, there is shortage of foreign exchange for importing a sufficient quantity of fertilisers. Then again, there is insufficiency of irrigation facilities. There is also the fact that all the facilities created have not so far been utilised. These are some of the factors which have gone to create the present situation. In assessing the merits or demerits of the Ministry, we have to see how things have been done within the limitations that exist now.

18 hrs.

It has to be remembered that the present Minister took over charge at a time when the food situation was very critical, and I have no hesitation in congratulating him on turning the corner. It has to be said to his credit that due to the various measures adopted by him, the situation has improved considerably. Of course, much remains to be done.

There have been suggestions that all controls should be removed, and free trade should be allowed. There was also a suggestion on the other side that complete control should be introduced. Personally speaking, I am not a votary of controls. I believe that if controls are imposed, that will

[Shri Maniyangadan]

create further problems, but we know the circumstances because of which controls have to be introduced at present. So it will be cruel if the controls are removed now. It will be experimenting with human lives. In the most developed countries, where there is abundance of production of foodgrains, they can afford to give up contro's, but here, in the scarcity conditions that prevail, my submission is that a certain amount of control is necessary.

The establishment of the Food Corporation and also the setting up of the Agricultural Prices Commission are some of the good things done and I hope that these institutions will discharge their functions properly.

Coming to the State of Kerala, which is the worst affected area in country, informal rationing was introduced some time ago, and it is still continuing there. I have to inform the House that the situation there is still very bad. The quantity of ration is very meagre, also the stuff we get is often very bad. The people of Kerala are not used to wheat, and they are used to on'y parboiled rice. This has been referred to by Shri Warior.

I know the difficulties and also the anxiety of the Government to tide over the situation. I have to make certain suggestions. I am not for statutory rationing. Shri Warior suggested that statutory rationing should be introduced. I for one would not agree to that proposal. It will create so many new problems, and as a consequence the country or the State will not be benefited.

I submit that this informal rationing is meant only for supplying a minimum quantity of rice. One of its objects is to control the prices in the open market. So, it presupposes the availability of some rice in the open market. So, if the purpose is to be achieved, the sources from which rice comes to the market should not be closed. But in Kerala, what is happening is that what is produced there is being procured by the Government under the levy system. Added to that, the traditional markets from where rice used to come to Kerala, namely the neighbouring States of Madras and Andhra, are being closed. Formerly rice used to come to Kerala, but now no rice is being brought from those areas. The State is cordoned off under the policy of each State being one zone. I would suggest that the levy system in Kerala should be completely abolished, though some concession has been given to the agriculturists recently, and also that free movement of rice from the neighbouring States of Andhra and Madras should be allowed. They are surp'us States and my information is that there is rice in large quantity available there. If that surplus rice can be allowed to be sent to Kera'a, this difficulty could be got over.

The recent reports in the papers from Kerala state that the price of rice has gone up very much. As Shri Warior has stated, the price of rice per bag in the open market has gone up even more than Rs. 100. If that situation is to be eased, the only method is to remove these restrictions: that is, to remove the ban on bringing rice from the neighbouring States and also to stop the levy system. If that is done, I am sure the situation will ease and the price in the open market will come down, and there will be sufficient stock.

The present ration is 80 grams of rice and 80 grams of wheat. That is not sufficient for an individual. But if that is to be supplemented, as I submitted, this source of availability of rice in the open market must be opened. If that is done, I am sure there will not be much difficulty. As I stated, the recent reports of price-rise in the open market leads to a very serious situation and there is the former situation arising again. So, I would request most humbly that the

Food Minister should look into the question immediately and see that the situation does not go from bad to worse.

Again, I have to make another submission and that is regarding the fixation of price of paddy. In Kerala, for the system of levy, the price has been fixed by the Government. My first submission is that levy shou'd be completely abolished. Whatever be the price of paddy in Kerala, it is not sufficient. It has absolutely no relationship whatever with the cost of production. The main rice-producing area in Kerala is Kuttanad. There, the agricu'tural operations are very peculiar, and they are not so in any other part of the country. The backwaters around the Vembanad *kayal* is the place where they are growing paddy. Big bunds at heavy costs are put up every year, and water is pumped out, and then cultivation is going on. Apart from the dangers and the risks involved, it is a very costly operation. Considering all these matters, it is not possible to satisfy the cultivator with the present price that is fixed. If the cultivator is to get an incentive price, he must be paid very high. What I suggest is that the cost of production must be reduced. For this, instead of putting up temporary bunds, if a permanent bund could be put up at Government cost, then, the cost of cultivation would come down. The Minister of Food and Agriculture is a member of the sub-committee of the Cabinet looking into the Kerala affairs during the President's rule. I appeal to him to look into this matter and see that necessary things are done. I also suggest that electricity and fertilisers should be supplied to those areas at subsidised prices. Another point is that the construction of the Thannirmukkam bund was started several years ago, but the progress is very slow. If it is expedited, and the other things which I suggested are carried out, I am sure that the production of paddy in Kuttanad area will be less costly and there will not be much difficulty.

Another point is with regard to the fair price shops. With the introduction of informal rationing, the system of fair price shops has been abolished there. The poor people who used to get rice at a low price are not given that facility now. I therefore submit that that should be reintroduced to ease the food situation there.

I now wish to make another suggestion. Tapioca is a commodity which is being used by the peop'e as a supplementary food, but the situation now is, the people are afraid to cultivate tapioca because of the fluctuation in price. I would submit that if a minimum price is assured to the cultivator, more tapioca will be cultivated and that will ease the food situation there. I would suggest that the present rations must be increased at least during the coming three or four months. Through the fair price shops more rice was being supplied during this period in previous years. So, I suggest it should be done. Otherwise, it will not be possible to get any rice in the open market during this period.

During the third plan, no new irrigation scheme has been started in the State. The second plan schemes are being continued and several of them are still remaining incomplete. There are very good schemes in certain areas in the State and if they are implemented, the present rice crop production would increase. Single-crop lands can be converted into double-crop lands. From the papers supplied by the Ministry of Irrigation and Power we find in Kerala cent per cent of the irrigation potential made available is being utilised and not an ounce of water is wasted. So, the minister should look into this also.

Mr. Warior referred to fisheries. I would like to refer to some commercial crops like arecanut, cocoanut, etc. I am sorry, the report mentions nothing about the cocoanut and arecanut plantations. Specially the cocoanut plantations are facing a very serious situation. There are so many dis-

[Shri Maniyangadan]

eases. Research is being done in the research centres there; I am not blaming anybody, but I suggest that it must be taken up more seriously.

**श्री ओंकारलाल बेरवा** : मैंने रिपोर्ट को पढ़ कर देखा तो बड़ा क्लेश हुआ क्योंकि हमने जितना रुपया खर्च किया है उसका अगर ब्याज भी आ जाता तो कुछ सब्र हो जाता । इस समय हमारे राजस्थान की जनता तो बकरी के समान है । जिस तरह से बकरी सारे अनाज, सारी चीजें खाती है, फूल, पत्ती सब खाती है उसी तरह से राजस्थान की जनता चना, बाजरा, ज्वार, दाल, चाहे जो भी सख्त से सख्त चीज उसे खाने के लिये दी जाये, वह खाने के लिये तैयार है । लेकिन अफसोस की बात है कि आज वहां पर भी अनाज का अकाल है । आज राजस्थान की जनता में 29 लाख किसान ऐसे हैं जिनके पास बिल्कुल जमीन नहीं है, और जमीन है भी तो सिंचाई के लिये पानी नहीं है । राजस्थान का क्षेत्र ऐसा है जहां पर कि पहले सोना उगला जाता था, लेकिन आज वहां धूल उड़ रही है । मैं मन्त्री महोदय से पूछता हूं तो कहते हैं कि राजस्थान हरा भरा हो जायेगा । लेकिन देखते हैं कि गाड़ी के पहिये के पीछे धूल उड़ती जाती है ।

अफसोस की बात है कि इतनी बात हुए भी हमने जब से शासन सम्भाला तभी से विदेशों की तरफ हमारी निगाह है । अमरीका से हमने जितना अन्न मंगवाया उसके आंकड़े मेरे पास हैं कि किस किस साल में कितना कितना अनाज मंगवाया पी० एल० 480 में

| | |
|---|---|
| 1961–62 | 86.3 |
| 1962–63 | 121.4 |
| 1963–64 | 167.2 |
| 1963. | 84.4 |
| 1964. | 107.4 |

यह आज हमारे देश की हालत है । इतना ही नहीं, बल्कि जो दुश्मन राष्ट्र हैं छोटे मोटे, जो हम से कुश्ती लड़ रहे हैं उनसे भी मंगवाया । खाली संयुक्त राज्य अमरीका से 5,253.7 हजार मीट्रिक टन, कैनाडा से 106.8 हजार मीट्रिक टन, और आस्ट्रेलिया से 260.9 हजार मीट्रिक टन । यह तो गेहूं मंगाया है । चावल सारा मिला कर 6285.9 हजार मीट्रिक टन हमने मंगवाया है—संयुक्त राज्य अमेरिका से 332.4, बर्मा से 151.9, पाकिस्तान से 71.1, थाईलेंड से 35.1 कम्बोडिया से 25.2, संयुक्त अरब गण राज्य से 28.8 हजार मीट्रिक टन । मैं सोचता हूं कि कहीं यही कारण तो नहीं है कि उन लोगों के सामने हमारे शस्त्र उठते नहीं, शायद इसी लिये हम को बाहर की धौंस उठानी पड़ रही है, वर्ना क्या कारण है कि छोटे से राष्ट्र से भी हम पीछे हट जायें ।

अब की मैं राजस्थान के दौरे पर गया था । वहां पानी की कमी है । इसके लिये वहां 250 नलकूपों की मंजूरी दी गई । मगर खाली 37 खोदे गये । उनमें से भी 13 काम कर रहे हैं 24 मुंह ताक रहे हैं । राजस्थान को जनता से मैंने कहा कि तुम्हारा क्या हाल है । उन्होंने कहा कि अनाज दो हथियार दो और दुश्मन का मुंह पीछे मोड़ दो । लेकिन क्या करें न अनाज है न हथियार है । इसलिये मैं आपसे निवेदन करता चाहता हूं कि राजस्थान के बार्डर की जनता को पानी और जमीन और हथियार दिये जायें । जमीन तो वहां बहुत सी है लेकिन पानी दे दिया जाये तो अनाज की कमी शायद सारे देश में नहीं आयेगी । राजस्थान के अन्दर अनाज की कमी पूरी करने के लिये पानी चाहिये । पानी वहां के लिये जरूर दिया जाये ।

इसके बाद कृषि कालेजों और स्कूलों की बात आती है । लिखा गया है कि 300 स्कूल खोले जायेंगे । मैं राजस्थान के बारे में बतला सकता हूं, खास तौर से कोटे का हाल । इतना बड़ा एरिया होते हुए भी, इतनी नहर वगैरह होते हुए भी वहां पर एक भी कृषि कालेज नहीं है । जब सारे देश भर में 300 कृषि स्कूल

खोलने हैं तो वहां पर भी खोले जायें। किसी तरह लड़का गांव में पढ़ता है तो वह शहर की तरफ देखता है क्योंकि किसानी के काम में उसकी रुचि नहीं है। अगर स्कूलों में पढ़ाया जाता कि खेती का काम क्या है तो यह हालत न होती। इसलिये मेरा सुझाव है कि तीसरे या चौथे क्लास से कृषि की शिक्षा अनिवार्य कर दी जानी चाहिये ताकि कृषि के काम में लोगों की रुचि बढ़ जाये।

इसके बाद खाद की बात आती है। उसकी खपत दिन दूनी रात चौगनी बढ़ती जा रही है। विदेशी खाद जो हमारे यहां आती है वह महंगी है। एक रुपये में तीन आना खाद देनी पड़ती है। खाद की खपत कितने से बढ़ कर कितनी हो गई है यह भी मैं आप को बतला दूं :

1949-50 में 64 हजार टन
1960-61 में 2 लाख, 83 हजार टन।

लेकिन कृषक बेचारे को पता ही नहीं है कि खाद कितनी देनी है और किस तरह से देनी है। हमने अमरीका से सौदा किया कि तुम को दस हजार टन देना पड़ेगा। बीच में एक कम्पनी आ गई और कहने लगी कि तेल का साझा रक्खो तब खाद देंगे वर्ना नहीं। उसने 10 में से 5 कर दिया। हम उन लोगों के मुंह की तरफ देखते हैं कि खाद कहां से आये। सिंदरी कारखाने में 5 वर्ष से 2 करोड़ रुपए साल का नुकसान होता आ रहा है उसके लिये फाइनेंस मिनिस्टर साहब से दरख्वास्त की गई थी सन् 1963 में कि उसे विदेशी मुद्रा दे दी जाय। लेकिन 15 लाख रु० की विदेशी मुद्रा न देकर 10 करोड़ रु० का नुकसान कर दिया। 10 करोड़ रु० की खाद विदेशों से मंगाई। अगर 15 लाख रु० की विदेशी मुद्रा दे दी जाती तो आज 15 हजार रु० रोज का नुकसान सिंदरी कारखाने को न होना और और न हमें विदेशों का मुंह देखना पड़ता।

दूध की हालत देखनी हैं तो हमारे यहां एक डेरी फार्म बना हुआ है जिस पर बम्बई का कोई सेठ बैठा हुआ है। वह दिल्ली के डेरी फार्म पर दांत लगाये बैठा है कि कुछ ले देकर वह सौदा बन जाये तो उसे कम्पनी का रूप दे दिया जाये। वहां पर 3.83 लाख रु० का यन्त्र जो सन् 1960-61 में लिया गया वह आज तक काम में नहीं लाया गया। मुरादाबाद के अन्दर कोई गोदाम किराये से लिया है जिस का 20 हजार रु० महीना किराया लग रहा है। कोटा के अन्दर आज छः साल से गोदाम बना हुआ है, लेकिन बरसात में उस में गधे बन्धते हैं। यह हाल है हमारे देश का। करोड़ों रुपयों के गोदाम बना दिये लेकिन अनाज दो पैसे का भी नहीं। जिस जिस चीज को हमने कण्ट्रोल किया उसकी यह हालत है।

हमारे किसानों से अफसरों ने आकर कह दिया, नाजिम और पटवारी ने कह दिया कि तुम गन्ना बोओ। गन्ना लगा दिया लेकिन आज कोटा और बूंदी रियासत में गन्ना खड़ा खड़ा सूख रहा है। जब वहां एक भी मिल चीनी की नहीं है तो गन्ने का आर्डर क्यों दिया। अगर उनके साथ अन्याय करना था तो वैसे ही कह देते कि जमीन परती रख दो। वहां के किसानों ने कर्ज लेकर गन्ना लगाया लेकिन वह आज पड़ा पड़ा सड़ रहा है। क्या कारण है कि इधर उधर चीनी मिलें खुलती जा रही हैं लेकिन कोटा के अन्दर एक भी चीनी मिल नहीं, कोई कृषि कालेज नहीं। अगर राजस्थान की जनता की तरफ ध्यान देना है तो पानी से लगा कर कृषि कालेज तथा उत्पादन के सारे साधन आप को देने होंगे।

राज्यों के पास से 8 लाख टन अनाज की मांग आई, लेकिन आप ने उन को भेजा कितना। 2 लाख टन। वह बेचारे क्या करें। दूकान पर जाते हैं तो 100, 100 आदमियों के क्यू लगते हैं, और मिलता कितना है, पांच सेर। कितने दिन का, सात दिन का। अब आप ही बतलाइये कि चार औंस गेहूं चना या ज्वार उनको मिले तो कैसे काम चलेगा। राजस्थान के अन्दर चार औंस अनाज तो लोग सवेरे वैसे ही फांक जाते हैं। वे बेचारे खायें क्या, मजदूरी कैसे करें।

[श्री ओंकार लाल बेरवा]

जो मजदूर आज बारह और चौदह औंस खाने वाला है वह चार औंस खा कर कैसे रह सकता है। बच्चे बच्चियों को राशन की दूकान पर भेजे तो राशन नहीं मिलता है। स्वयम् जाये तो पैसे खत्म हो जायें। बगैर मजदूरी के कहां से लाये। उसके लिये बड़े आफत का सामना है। जो आयात किया हुआ गेहूं है उस पर भी कण्ट्रोल लगा दिया। सरकार की गलती से घाटा हुआ बीस करोड़ का और उसको लाद दिया जनता पर और गेहूं का भाव बढ़ा दिया। राजस्थान की जनता को मोटा अनाज भी पेट भर मिल जाए तो वह लड़ाई में दुश्मन का सामना करने को तैयार है। सामना तो भूखों मरते भी करेंगे, चिन्ता की बात नहीं है। लेकिन राजस्थान के लिए पानी का प्रबन्ध होना चाहिए और खेती के लिए दूसरी सुविधाएं मिलनी चाहिए। तकावी के लिए जहां 1000 करोड़ चाहिए था वहां आपने 200 करोड़ दिया है, यह बहुत कम है। किसान को सहायता देनी है तो उचित सहायता दी जाए। उसको कुवें के लिए 500 रुपया चाहिए तो 50 रुपया दिया जाता है। नतीजा यह होता है कि वह एक साल में जितना खोदता है वह दूसरे साल में पट जाता है। इसलिए मेरा निवेदन है कि अगर किसानों को सहायता देनी है तो पूरी दें, उनकी जरूरत के मुताबिक दें।

मैं इतना कह कर धन्यवाद देना चाहता हूं। फिर भी यह कहना चाहता हूं कि किसानों के लिए जो मूल्य तै किया गया है उसको बीच के बिचौलिया न खाने पाएं, किसान को उचित मूल्य मिले तो किसान उत्पादन बढ़ाने में दिल खोल कर लग सकता है।

श्री ना० कि० पटेल (बुलसार) : उपाध्यक्ष महोदय, आज दो दिन से मैं यहां कृषि और फूड मन्त्रालय की बहस सुन रहा हूं। बहुत से माननीय सदस्यों ने आंकड़ों के इन्द्रजाल बताए, लेकिन मैं वह इन्द्रजाल के आंकड़े नहीं बताना चाहता हूं। इस देश में क्या करना चाहिए, वह मैं कहना चाहता हूं।

सन् 1947-48 में स्वर्गीय माननीय पंडित जी ने एक वायु प्रवचन किया था। उस समय हमारे देश में अनाज की परिस्थिति बहुत गम्भीर थी। उन्होंने कहा था कि हर एक आदमी ने अपने बगीचे में, अपने खेत में, बल्कि कूड़े में अनाज बोना चाहिए। मगर कितने आदमियों ने ऐसा किया मुझे नहीं मालूम। उस समय मैं बम्बई में विलेपारले में था। उस वक्त वहां की आबादी इतनी नहीं थी। मेरे मकान के पास मेरे एक दोस्त की एक या डेढ़ एकड़ जमीन थी। उसके अन्दर मैंने चावल बोए और उसमें मैंने 21 बंगाली मन पैडी पकायी। उस समय वाला साहब खेर बम्बई के चीफ मिनिस्टर थे, उनके सुपुर्द वह मैंने कर दी। 1949 में मैंने जो पैडी पकायी वह मैंने खुद इस्तेमाल की। मेरा यह अनुभव है कि जब तक इस देश के अन्दर हर एक आदमी अपने लिए खाद्य नहीं पकाएगा तब तक इस देश की खाद्य समस्या हल नहीं होगी। आज भी मैं एक पैसे का चावल नहीं लेता हूं। हमारे यहां गेहूं और ज्वार नहीं पकती है। मुझे जितने गेहूं और ज्वार की जरूरत होती है मैं चावल बेच कर ले लेता हूं। मैं किसी के ऊपर आश्रित नहीं हूं।

पंडित जी ने जो कहा था कि कूड़े में बोओ उसका मतलब यह था कि किसी किस्म की भूमि को भी खाली न रखो। आज हम देखते हैं कि सारे देश में रेलवे लाइन के दोनों बाजू जमीन खाली पड़ी है। उसका हिसाब लगाइए। मेरा सुझाव है कि उसके बाजू में जिन लोगों की जमीन है उन लोगों से एग्रीमेंट करके उनको लीज पर वह रेलवे की जमीन दे दी जावे और और उनसे कहा जाए कि तुम इसमें धान बोओ। धरती माता है। संसार में कोई ऐसी माता नहीं है कि जो अपने बच्चे को भूखों मारेगी।

**एक माननीय सदस्य** : आज आपने यह बात सदन में कही है, किसी ने पहले नहीं कही।

**श्री ना० रा० पटेल** : मेरी प्रार्थना है कि जो ऐसी जमीन फालतू पड़ी है उसमें धान नहीं बोया जाएगा तो हमारी समस्या हल नहीं हो सकेगी। आज 17 साल में कई फूड मिनिस्टर आए और गए, और आएंगे और जाएंगे पर इस तरह हमारी समस्या हल नहीं होगी।

आज सरकार ने विदेशों से करोड़ों रुपए का अनाज मंगाने का इन्तिजाम किया हुआ है और भी अनेकों इन्तिजाम खाद्य समस्या हल करने के लिए किए हैं मगर आप देखें कि एक बाजू खाद्य का उत्पादन बढ़ता है और दूसरी बाजू पापुलेशन भी बढ़ती जा रही है। अगर हम पापुलेशन की समस्या हल नहीं करेंगे तो हमारी अन्न की समस्या भी हल नहीं होगी। खास कर देहातों में आजकल पापुलेशन बहुत बढ़ रही है। और लोग तो समझते हैं कि खेल का खेल और बच्चा नफे में, उनको यह नहीं मालूम इसको कहां से खिलाएंगे, कहां से इसको कपड़ा लावेंगे। तो इस प्रश्न को हैल्थ मिनिस्ट्री के साथ मिल कर तै करना चाहिए।

हमारे देश में भूमि तो ज्यादा होने वाली नहीं है, इसलिये हमें अपनी भूमि का पूरा उपयोग करना चाहिए। पर हम देखते हैं कि बड़े बड़े इंडस्ट्रियलिस्ट बड़ी बड़ी जमीनें रख लेते हैं और वे फालतू पड़ी रहती हैं। उन को कहा जाना चाहिए कि जिस ज़मीन में तुम्हारी फैक्टरी नहीं है उसमें खाद्य का उत्पादन करो। मेरी कांस्टीट्यूएंसी में पांच हजार एकड़ में खार लेन्ड है, जिस में समन्दर का पानी आता था। गवर्नमेंट की स्कीम थी कि उस का बांध बना कर उस को मीठा बनाएंगे। यह जमीन बलसार डिस्ट्रिक्ट में अमलसाड के पास है। लेकिन इस की खबर किसी इंडस्ट्रियलिस्ट को लग गयी और उस ने अफसरों से मिल कर उस को ले लिया। अगर ऐसा हुआ तो काम कैसे चलेगा? सारी जमीन इस तरह चली जाएगी, तो उत्पादन कैसे बढ़ेगा। तो स्टेट सरकार के साथ मिल कर केन्द्रीय सरकार को इस बात पर विचार करना चाहिए।

जिस वक्त हमारे माननीय अजित प्रसाद फूड मिनिस्टर थे उस वक्त मैं ने उन को बताया कि बम्बई जाते हुए बोरीबिली स्टेशन से सांताक्रुज स्टेशन तक पूरब की बाजू में भैंस के गोबर के बड़े बड़े डूंगर लगे हैं। मैं ने उनसे कहा कि यह खाद के काम में आ सकता है, लेकिन यहां से इस को ले जाने का 120 रुपया प्रति वैगन किराया लगता है, इस को आधा किया जाय तो इससे लोगों को बहुत लाभ हो सकता है। उन्होंने वैसा कर दिया। अभी मैं गया तो मुझे बताया गया और मेरे पास चिट्ठियां भी आयी हैं कि जो गोबर का खाद गोरेगांव से आता है वह एक मानापली ठेकेदार के द्वारा आता है। लेकिन उसने क्या चालाकी की है कि जो एक वैगन में चालीस बैलगाड़ी खाद निकलता था अब उसमें सिर्फ 25 बैलगाड़ी निकलता है और अगर इस खाद को अंधेरी या जागेश्वरी स्टेशन से लाएं तो पूरा रेट लिया जाता है। मेरा सुझाव है कि रेलवे मिनिस्टर से मिल कर इस पर विचार किया जाना चाहिये।

आप दिन प्रति दिन फरटीलाइज़र के कारखाने बनाने की बात कर रहे हैं, लेकिन हमारे देश में चालीस करोड़ फरटीलाइज़र फैक्टरियां हैं। उनको चलाने के लिये करोड़ों रुपये का अनाज परदेश से मंगाना पड़ता है। लेकिन इन का उपयोग नहीं होता और इस खाद को पवित्र नदियों में बहा दिया जाता है। और इसका उपयोग किया जा नहीं सकता। हम दिल्ली से जाते हैं तो देखते हैं कि गटर का चैनल बना दिया गया है और वह गन्दा पानी खेतों में जाता है। वहां का आप गेहूं देखें तो आप को मालूम होगा कि यह पानी खेती के लिए कितना उपयोगी है।

[श्री ना० नि० पटेल]

बम्बई में भी एक बहुत बड़ा गटर है, लेकिन उस को समुन्दर में गिरा देते हैं। मेरा सुझाव है कि आगे जो नए गटर बनाए जायें उन को तो कम से कम इस तरह बनाया जाय कि उन का पानी खेती के काम आ सके। इस पर विचार करना चाहिए।

उपाध्यक्ष महोदय : माननीय सदस्य का समय समाप्त हो रहा है।

श्री ना० नि० पटेल : बस एक, दो बात मुझे और कहनी हैं। एक बाजू हमारी सरकार कहती है कि खेती का उत्पादन बढ़ाओ और उस के लिए वह पैसे भी देती है, तकावी भी देती है और लोन आदि देती है लेकिन दूसरी तरफ़ हम देखते हैं कि ताजे फलों आम, चीकू आदि के फ्रेट रेट्स बजाय कम करने के अत्यधिक बढ़ा दिये गये हैं और बजाय फारमर्स को प्रोत्साहित करने के उन को और इस काम में निरुत्साहित किया जा रहा है। हमारी बुलसार और सूरत डिस्ट्रिक्ट आम और चीकू की पैदावार के लिए बहुत प्रसिद्ध हैं और देश के सारे भागों में बहुत अधिक मात्रा में आम, और चीकू टोकरियों में भर कर रेल के जरिए पार्सल किये जाते हैं। हमने अभी देखा कि 1-4-65 से फ्रेश फ्रूट्स की पार्सल की फ्रेट रेट्स रिवाइज कर दी गई हैं और वह दुगनी कर दी गई हैं। अभी पाटिल साहब जब सूरत 13 तारीख को गये थे तो फल उत्पादक उन से इस सम्बन्ध में मिले थे और उनको अपनी हार्डशिप बतलाई थी जिस पर कि उन्होंने कहा था कि उनके पास भी कम से कम 1000 तार इस आशय के आये हैं कि यह फ्रेट रेट इस तरह से दुगनी न की जाय क्योंकि इस से किसानों को बड़ी कठिनाई पेश आयेगी। मैं ने भी इस बारे में रेलवे मंत्री महोदय को पत्र लिखा था जिस के कि जवाब में वह यह लिखते हैं कि एक क्विंटल फल की टोकरी का 50 किलोमीटर का 1-4-65 के पहले रेट 79 पैसे था जोकि अब 1-4-65 से 1 रुपया 19 पैसे हो गया है। इसी तरह से 200 किलोमीटर के लिए एक क्विंटल का भाड़ा जो 1-4-65 के पहले 2 रुपये 30 पैसे था वह 1-4-65 से 3 रुपये 93 पसे हो गया है। 500 किलोमीटर के लिए एक क्विंटल का रेल भाड़ा 1-4-65 के पहले 4 रुपये 24 पैसे होता था जोकि अब 1-4-65 के बाद से 7 रुपये 45 पैसे हो गया है। 800 किलोमीटर के लिए एक क्विंटल का फ्रेट 1-4-65 के पहले जहां 5 रुपये 83 पैसे था वहां अब 1-4-65 के बाद से वह बढ़ कर 10 रुपये 35 पैसे हो गया है। 1000 किलोमीटर के लिए एक क्विंटल के लिए 1-4-65 से पहले भाड़ा था 6 रुपये 91 पैसे लेकिन अब 1-4-65 के बाद से वह बढ़कर 12 रुपये 31 पैसे हो गया है। इस हिसाब से देखा जाय तो फ्रैश फ्रूट्स का फ्रेट पहले की अपेक्षा डबल हो गया है। अब एक तरफ़ तो सरकार हम से कहती है कि उत्पादन बढ़ाओ और दूसरी बाजू रेलवे इस तरह से ज्यादा पैसा चार्ज कर रही है तो यह कहां तक उचित है ? हमारे यहां बुलसार डिस्ट्रिक्ट से कम से कम 25,000 टोकरे आम के बम्बई, दिल्ली आदि स्थानों को जाते हैं। खास कर चीकू हमारे यहां से आता है और मैं फीगर्स दे कर कोट करना चाहता हूं कि पहले की अपेक्षा आज चीकू की बास्केट्स का रेल भाड़ा कितना अधिक बढ़ा दिया गया है :— .

"For e.g. during the British rule we used to pay Rs. 3·37 for about 40 kgs. of chikoo-basket despatched from here to Delhi at half parce rate. After the respite given in the freight rate from half to quarter by our National Government, freight for the same package came to Rs. 2·37. This amount stood at Rs. 2·90 on 31st March, 1965. Now with 100 per cent increase in rate, the amount will be Rs. 5·60. From this, it

will be realised how far the freight expenses has risen."

हमारे ग्रमलसाड से तीन, चार लाख टोकरियां ग्राम व चीकू की जाती हैं ग्रौर इसलिए मैं चाहता हूं कि यह जो 100 परसेंट रीसेंट इंक्रीज फ्रेट रेट में की गई है यह ग्रनुचित है ग्रौर इस से उन को बड़ी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है । मैं चाहूंगा कि हमारे खाद्य मंत्री महोदय किसानों को प्रोत्साहन देने के हेतु इस बारे में रेलवे मिनिस्टर से बातचीत कर के इस को कम करवा दें । बस मेरी यही प्रार्थना है ।

**श्री गुलशन** (भटिंडा) : उपाध्यक्ष महोदय, हमारा देश भारत ग्राज एक गम्भीर ख़तरे के बीच में से गुज़र रहा है । इस ख़तरे का सामना दो ही संस्थाएं कर सकती हैं । मोर्चे के ऊपर शस्त्रास्त्र ग्रादि से लैस हमारे फौजी जवान ग्रौर खेत में हल चलाने वाले किसान । जहां मोर्चे पर तैनात फौजियों को हमें हर तरह से हथियारों ग्रादि से लस करना है वहां किसानों को ग्रधिक ग्रन्न उगाने के लिए खाद, पानी, ग्रच्छे किस्म के बीज ग्रादि की समस्त सुविधाएं सुलभ करनी चाहिएं । कृषि के काम ग्राने वाले इम्प्लीमेंट्स भी उस को सस्ते दामों पर मुहैय्या किये जायें । इस के साथ ही किसानों को उन की उपज के मुनासिब दाम मिलें ग्रौर ग्रगर ऐसा किया जाय ग्रौर किसानों को प्रोत्साहन दिया जाय तो हमारे देश के किसान मोर्चे पर जझ रहे सैनिकों के लिए ग्रौर यहां उन के परिवार वालों के लिए ग्रौर तमाम देश के नागरिकों के लिए ग्रनाज की या खुराक की कभी कमी नहीं होने देंगे । इस वक्त 45 प्रतिशतः हमारी कृषि से ग्रामदनी होती है । 6 करोड़ 30 लाख परिवार कृषि पर निर्भर करते हैं । दूसरी तरफ़ वह जमाखोर ग्रौर मुनाफाखोर देशद्रोही पूंजीपति लोग हैं जो मुनाफ़ाखोरी का छुरा बग़ल में ले कर देश को भूखा मारने की घात लगा कर बैठे हुए हैं । जहां ग्राज देश बाह्य शत्रुग्रों के ग्राक्रमण ग्रौर बुरे इरादों से चिंतातुर है ग्रौर ग्रपनी ग्राजादी की रक्षा करने के लिए सभी संभव उपाय कर रहा है वहां उसे देश के ग्रन्दर मौजूद ख़तरे के बारे में भी गाफिल नहीं होना चाहिए । जहां उसे चीन ग्रौर पाकिस्तान से निपटना है वहां हमारे देश को ऐसे देशद्रोहियों से भी निबटने की ज़रूरत है । न मालूम सरकार इन से क्यों डरती है ? बड़े बड़े सट्टेबाज़, जमाखोर ग्रौर मुनाफ़ाखोर पूंजीपतियों पर वह हाथ नहीं डालती है, बड़ी मछलियों को वह नहीं पकड़ती है ग्रौर वह छोटी, छोटी मछलियों को पकड़ लेती है । बड़े बड़े गुदामों पर छापा नहीं मारती है ग्रौर उन के खिलाफ़ कानूनी कार्यवाही नहीं करती है लेकिन तीन मन गेहूं, 20 किलो ग्राटा, 3 छटांक चीनी या तीन तोले तेल गैरकानूनी पकड़ कर सरकार बड़ी तीसमारखां बनने लगती है । मिलावट या जमाखोरी ग्रादि के ग्रपराधों के सिलसले में मज़दूर छोटे किसान भंगी या पैंटी शौपकीपर्स ग्रौर रेंहड़ी लगाने वाले पकड़े जाते हैं । पूंजीपतियों को पकड़ते समय सरकार का हाथ कांपता है इसलिए यह पूंजीपति मनमानी करते हैं ग्रौर क़ीमत स्थिर नहीं रहने देते हैं । ग्राज नई फसल बाज़ारों में ग्राना शुरू हो रही है लेकिन मैं बतलाना चाहता हूं कि ग्रभी दस दिन पहले पंजाब में 83 रुपये क्विंटल के भाव से गेहूं बिका है ।

**एक माननीय सदस्य** : गेहूं का भाव गिर गया है ।

**श्री गुलशन** : भाव तो ग्रब गिरा होगा लेकिन मैं यह बात दस रोज़ पहले की कह रहा हूं ।

ग्राज देश में व्यापक पैमाने पर मिलावट चल रही है । खाद्यान्नों में ग्रौर ग्रन्य वस्तुग्रों में खूब मिलावट चल रही है यहां तक कि दवाइयां भी ग्रसली नहीं मिल रही हैं । ग्रब ग्राप ही बतलाइये जब खाद्यान्नों ग्रादि में मिलावट होगी तो इस देश के लोगों की सेहत को कैसे सम्हाला जा सकता है ? ग्राज मैं ने देखा है कि दाल मिर्च, मसाला, हल्दी, नमक, ज़ीरा, साबुन तेल, घी, दूध, मतलब यह कि कोई

[श्री गुलशन]

चीज असली नहीं मिलती है, सब में मिलावट चल रही है कपड़ा लोहा, तांबा, पीतल, सोना और चांदी कोई भी वस्तु इस मिलावट से बची नहीं है। खाद्य मंत्रालय शायद जहर की मिलावट से मुक्त न हो मैं तो एक बात कहना चाहता हूं और वह यह है कि पंजाब व्यापारी मंडल के अध्यक्ष श्री मसन्द ने १६ अप्रैल के समाचारपत्रों के अनुसार सरकार को एक धमकी दी और सरकार उस धमकी के आगे झुक गयी जिसका परिमाण यह हुआ कि एक दम से पंजाब में ८१ रुपये क्विंटल गेहूं के भाव बढ़ गये।

इलाहबाद में कांग्रेस समिति की मीटिंग में बोलते हुए प्रधान मंत्री जी ने कहा था कि नई फसल बाजार में आते ही कीमत समान हो जयेंगी। इस के उलट सरसों, तिलहनआदि तेल के मूल्य म दस रुपये प्रति क्विंटल वृद्धि हुई। गुजरात सरकार ने 16 अप्रैल, 1965 को समाचारपत्रों की सूचना के अनुसार यह घोषणा की कि राज्य से बाहर अनाज ले जाने वालों की खबर देने वाले को पांच सौ रुपया इनाम दिया जायेगा। क्या इस का मतलब यह समझा जाये कि सरकार का गुप्तचर विभाग ठीक काम नहीं कर रहा है या यह सरकार की कमजोर नीति का प्रतीक है ?

मुझ से पहले एक माननीय सदस्य ने देश में अनाज की कमी के सम्बन्ध में रेलवे लाइन के साथ पड़ी हुई बहुत सी ख़ाली जमीन का जिक्र किया है। में समझता हूं कि हमारी नहरों और सड़कों के साथ जो जमीन ख़ाली पड़ी हुई है। कुछ ऐसी जमीन भी है, जो ग़ैर-आबाद है और जिस के लिए पानी की जरूरत है। अगर यह जमीन भूमिहीन लोगों को दी जाये, तो मैं समझता हूं कि देश अनाज के संकट से बच सकता है।

जहां मैं ने सड़कों, नहरों और रेलवे की पटरियों के साथ पड़ी हुई जमीन का जिक्र किया है, वहां मैं यह भी कहना चाहता हूं कि हमारे मंत्री महोदयों की जो बड़ी बड़ी कोठियां हैं, उन के साथ पांच दस एकड़ जमीन पड़ी हुई है। इस के अलावा उन के बड़े कर्मचारियों की कोठियों के साथ भी पांच पांच, दस दस एकड़ जमीन पड़ी हुई है। इसी तरह हमारे देश के जो नेता स्वर्गवासी हो जाते हैं, सौ सौ एकड़ जमीन उन की समाधि के लिए रखी जाती है। इस प्रकार समाधियों और कोठियों के लिए इतनी ज्यादा जमीन रख कर सरकार देश को भूखा मारने की चाल चल रही है।

सरकार ने जो ज़ोनल स्कीम बना रखी है, जिस के मातहत एक क्षेत्र से दूसरे क्षेत्र में गेहूं नहीं जाता है, में समझता हूं कि वह स्कीम ख़त्म हो सकती है। आज फ़सल निकल रही है। जो पूंजीपति चोर-बाजारी करता है, वह आज गेहूं और अनाज का भंडार कर लेगा और थोड़े समय के बाद वह सरकार की आंख में ऐसी धूल डालेगा, न मालूम क्या जादू चलायेगा कि वह अनाज चोर-बाजारी से बेच देगा। मैं सरकार को यह सुझाव देना चाहता हूं कि उस ने जो पाबन्दी लगा रखी है, वह ख़त्म की जा सकती है। कैसे ? जो पूंजीपति आज अनाज का भंडार करता है, उस की कीमत और उस पर होने वाली कास्ट गिन ली जाये और जब तक वह अनाज सम्भाल कर रखा जाये, उस रकम का तब तक का सूद गिन लिया जाये। उस के बाद वह जहां भी उस का जी चाहे, जा कर बेचता है, तो उस की कीमत और कास्ट गिन कर उस को मुनाफ़ा दिया जाये। इस तरह सरकार ने जो पाबन्दी लगा रखी है, वह खत्म हो सकती है।

में कुछ सुझाव दे कर बैठ जाना चाहता हूं। जलहीन जमीन को कैनाल और ट्यूबवैल से पानी मिलना चाहिए। ट्रैक्टर और ट्यूब-वैल के लिए डीजल और बिजली भी सस्ते मूल्य पर मिलनी चाहिए। जो जमीन आज ख़ाली पड़ी हुई है, वह भूमिहीन किसानों और बेरोजगार अनुसूचित जातियों के लोगों को मिलनी चाहिए। किसान की जिन्स की पूरी क़ीमत किसान को मिलनी चाहिए, मिडलमैन को नहीं।

में आप को धन्यवाद देता हूं।